FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या : 178/2025

प्रार्थी

कालूराम

बनाम

अप्रार्थी

राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार लूणी

किस्म मुकदमा– तरमीम शुद्धि

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.08.25	प्रार्थी श्री कालूराम भील अध्यक्ष एस सी/ एस टी समिति लूणी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पेश कर ग्राम पंचायत नन्दवान के राजस्व गांव चावड़ो की ढाणी पटवार मण्डल नन्दवान के खसरा नम्बर 507/1 रकाब 18 बिस्वा भूमि पर करीबन 200 वर्षो से सार्व शमशान है। खातेदार प्रेमाराम जाट द्वारा अपनी खातेदारी की कृषि भूमि मे से 18 बिस्वा शमशान भूमि को देखते हुए सरेण्डर कर दी थी। परन्तु जो मौके पर 18 बिस्वा भूमि शमशान हेतु काम मे ली जा रही है मौके पर चार दिवारी भी बनाई हुई है मौके पर 350 फूट X 8 फूट का रास्ता कटाण है। ऑनलाईन तरमीम में तत्कालीन पटवारी द्वारा सिर्फ 1 या 2 बिस्वा भूमि रास्ता दिखा कर मौके पर उपलब्ध शेष भूमि 16 बिस्वा को नहीं दर्शाया गया है। उक्त शमशान भूमि के मौके की जांच करवा कर तरमीम शुद्विकरण करवाने का निवेदन किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र जो की तहसीलदार लूणी के पत्रांक/भू.अ./2025/2283 दिनांक 28.07.2025 के द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। तहसीलदार लूणी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि श्री कालूराम भील ने पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा कैम्प नंदवान में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम चावड़ो की ढाणी के खसरा नम्बर 507/1 की तरमीम शुद्व करने का निवेदन किया, जिसकी जांच में बताया कि राजस्व रेकर्ड ग्राम चावड़ो की ढाणी के खसरा संख्या 507/1 रकबा 0.1457 हैक्टेयर किस्म बारानी–।। है। उक्त खसरे की ऑनलाईन तरमीम एवम् मौका स्थिति का नजरी नक्शा पटवारी रिपोर्ट में अंकित है। ग्राम चावड़ो की ढाणी के नामान्तरकरण संख्या 164 में जरिये समर्पण आदेश के नामान्तरकरण दर्ज है जिसकी पुश्त पर नजरी नक्शा अंकित है। जिसके भिन्न ऑनलाईन तरमीम की गई। नामान्तरकरण पुश्त पर अंकित नजरी नक्शे अनुसार तरमीम शुद्वि किया जाना उचित बताया है। हमने पत्रावली का अवलोक किया गया। अतः प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार लूणी के रिपोर्ट अनुसार ग्राम चावड़ो की ढाणी के खसरा संख्या 507/1 रकबा 0.1457 की राजस्व रेकर्ड में तरमीम दुरूस्त करने की अनुशंषा कि जाती है। तथा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत तरमीम दुरूस्ती स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है। कि ग्राम चावड़ो की ढाणी के खसरा संख्या 507/1 रकबा 0.1457 हैक्टेयर की तरमीम को दुरूस्ती कर अमल दरामद करें। पटवारी रिपोर्ट दिनांक 16.07.2025 को आदेश का अंग समझा जावें। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	